वर्ष 1 - अंक 35
बुधवार 1 जनवरी 2025 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स




## नव वर्ष की शुभकामनाएं

# सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी पहचान : डॉ. मोहन यादव






**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विभिन्न धर्मों, समाजों, भाषाओं और संस्कृतियों का देश है। सब मिलकर यहां सद्भावपूर्वक रहते हैं। सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी संस्कृति की पहचान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में महर्षि बालीनाथ बैरवा जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था और जीवन मूल्य हमें विकास की ओर ले जाते हैं। योग, तप, साधना और साहचर्य से जीवन का समग्र विकास की शिक्षा सिर्फ भारतीय संस्कृति ही सिखाती है। समाज में जनजागृति लाने में महर्षियों की बड़ी अहम भूमिका रही है। महर्षि बालीनाथ बैरवा उन्हीं में से एक थे। वे परम संत थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो असंभव दिखता है, वो केवल सनातन धर्म में ही संभव है। महर्षि बालीनाथ ने समाज की कुरीतियों, रूढ़ियों और बुराइयों को खत्म किया और सबको सद्मार्ग की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने बालीनाथ की स्मृति में देश के दूरदराज से आए बैरवा समाजजन का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रदेश स्तरीय सामाजिक कार्यक्रम में आकर वे बेहद प्रसन्न है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अखिल जूनवाल द्वारा लिखित पुस्तक भीम वंदना का विमोचन भी किया। इसके बाद बैरवा समाज की बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### बैरवा समाज की होगी राज्य स्तरीय पंचायत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार अगले साल बैरवा समाज की राज्य स्तरीय पंचायत का आयोजन करेगी। इसमें देश के विभिन्न अंचलों में रह रहे बैरवा समाजजनों को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हो रहे औद्योगिक विकास में बैरवा समाज के उद्योगपति और व्यवसायियों को जोड़कर बैरवा समाज का सर्वांगीण विकास करेगी। उन्होंने कहा कि बैरवा समाज के बच्चे खूब पढ़ें, लिखें और आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हर जरूरी प्रयास और सहयोग भी करेगी।

### सरकार पूरे ब्याज सहित मिल मजदूरों को उनका हक दिलाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि बालीनाथ जी के बताए मार्ग से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार गरीबों के जीवन में उजाला लाने और उनके कष्टों का निवारण करने का प्रयास कर रही है। हमारी सरकार ने उज्जैन की विनोद मिल के मजदूरों का संकट खत्म किया, उन्हें उनके सभी हक दिलाए। इंदौर की हुकुमचंद मिल के मामले का भी समाधान किया। हम ग्वालियर की जेसी मिल्स के मजदूरों को भी उनका हक दिलाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐसी सभी बंद मिलों, जिनके मजदूरों को उनका हक अब तक नहीं मिल पाया है, सरकार पूरे ब्याज सहित उन मिल मजदूरों को उनका वाजिब हक दिलाएगी।

### मजदूरों की मौत पर जताया दुख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के ग्राम डेलची-बुजुर्ग के समीप मजदूरों को रतलाम ले जा रहे पिक अप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई तीन मजदूरों की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन उज्जैन को मृतकों के परिजन को नियमानुसार आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना में घायलों का इलाज महिदपुर अस्पताल में चल रहा है। गंभीर घायलों को उज्जैन जिला अस्पताल में रेफर किया गया। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजन को इस गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने और घायलों को पूर्णतः शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### करणी सेना भारत और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संयुक्त तत्वाधान में

# एम. वाय अस्पताल इंदौर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया





**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इंदौर। रक्तदान शिविर में राजपूत समाज के साथ साथ अन्य समाज और अन्य धर्म के व्यक्तियों ने भी रक्त दान किया जहां सर्वप्रथम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुं.धर्मेंद्र सिंह गौतम जी, प्रदेश मंत्री मनोज सिंह चौहान जी ने शुरुआत करते हुए लोगो को संदेश दिया।

जहां आज कल के युवा साल के अंतिम दिवस पर नशीले पदार्थों का सेवन पार्टी करते है वहीं हम करणी सैनिको ने रक्त दान करके एकता का परिचय दिया और नए साल में इसी प्रकार से अच्छे अच्छे कार्य करने की प्रेरणा ली उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह गौर जी, जिला महामंत्री धीरज सिंह गौर जी, जिला महासचिव पुष्पेंद्र सिंह गौर, ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत जी, हर्षित सिंह ठाकुर जी, गोलू ठाकुर जी, जितेंद्र सिंह पंवार जी, प्रकाश पंवार जी, सुशील सिंह चौहान जी, बिट्टू तोमर जी, रजत पंवार जी, देवेंद्र गहलोत जी प्रदीप गब्बर पंवार जी, कृष्ण राठौड़ जी, विकास ठाकुर जी, शिशुपाल सिंह जी,गौरव सिंह राजावत जी, राजकुमार सिंह भदौरिया जी,तनिष्क तंवर जी, और अन्य पदाधिकारी और सामाजिक व्यक्ति उपस्थिति रहे।

## हरवीर रघुवंशी ने कलेक्ट्रेट में रखवाया वाटर कूलर, कलेक्टर ने किया अवलोकन



**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**

**शिवपुरी।** शिवपुरी कलेक्ट्रेट जनसुनवाई के दिन समाजसेवी हरवीर रघुवंशी ने कलेक्ट्रेट में वाटर कूलर रखवाया हैं. कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने इसका अवलोकन किया हरवीर रघुवंशी ने बताया कि अदामा कंपनी की डीलरशिप शिवपुरी में उनका बेटा संभालता है और अदामा कम्पनी के प्रतिनिधि के साथ मिलकर उनके मन में विचार आया कि कलेक्ट्रेट एक ऐसा परिसर है जहां मंगलवार जनसुनवाई के दिन गांव से सैकड़ो लोग आते हैं साथ ही सभी वर्ग के अधिकारी भी आते हैं और जनप्रतिनिधि भी आते हैं ऐसे में सामने पोलो ग्राउंड भी है पोलोग्राउंड में खेलने बाले खिलाडी और बच्चों को पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है ऐसे में सामने कलेक्ट्रेट में वाटर कूलर रखने से सभी लोगों को जल मिल सकेगा. ऐसी कामना के साथ उन्होंने कलेक्ट्रेट में वाटर कूलर लगवाया हैं और शिवपुरी कलेक्टर ने इसका अवलोकन किया है।

## भीषण सर्दी में एसडीओपी पिछोर ने बिटिया के हाथ से बांटे कंबल



**रणजीत टाइम्स-जगदीश पाल**

वर्तमान में सर्दी अपने चरम पर है और पिछोर ने कोहरे की चादर ओढ़ रखी है,सर्दी को देखते हुए हमारे पिछोर नगर की कानून व्यवस्था के मुखिया श्री प्रशांत शर्मा का दिल पसीजा और उन्होंने ऐसे लोग चिन्हित किए जिनके पास सर्दी से बचाव के पर्याप्त कपड़े नहीं थे,श्री शर्मा ने अपनी बिटिया वैदेही शर्मा के हाथों जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए,कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल गए और उन्होंने बिटिया को ढेर सारा आशीर्वाद दिया,श्री शर्मा ने बताया कि वह हर वर्ष ये कार्य करते हैं और दूसरों की मदद करने में उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिलती है। हम आपको बता दें कि श्री प्रशांत शर्मा बेहतरीन पुलिसिंग के साथ साथ अपने नेक कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं ,अभी हाल ही में उन्होंने अपने जन्मदिन पर पिछोर के अस्पताल जाकर अपने हाथों से मरीजों को चाय पिलाई और नाश्ता करवाया और बीमारों का हाल चाल जाना।

## शिवपुरी में परीवेदना शिविर : शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं का होगा समाधान

**रणजीत टाइम्स-जगदीश पाल**

खनियाधाना : शिवपुरी में परीवेदना शिविर का आयोजन शिवपुरी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के क्रम में 31 दिसंबर से 4 जनवरी 2025 को फिजिकल कॉलेज में किया जा रहा है। इस शिविर में शिक्षा विभाग से संबंधित कर्मचारी, अतिथि शिक्षक और सेवानिवृत कर्मचारी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीएन पुरोहित ने बताया कि यह पांच दिवसीय शिविर समस्त विकासखंड खनियाधाना के शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने विकासखंड खनियाधाना के कर्मचारियों, अतिथि शिक्षकों और सेवानिवृत कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। इसके अलावा, शिक्षा विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया गया है कि वे अपने जन शिक्षा केंद्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें और कर्मचारियों को जिला स्तरीय शिविर की सूचना देने में सहयोग करें।

# संघ के शताब्दी वर्ष की शुरुआत जयघोष के साथ होगी

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नए साल में शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसकी शुरुआत इंदौर से हो रही है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मालवा प्रांत में पहली बार जयघोष कार्यक्रम हो रहा है। संघ ने इस आयोजन का नाम स्वरशतकम् दिया है।**

मंगलवार को राऊ के एक विद्यालय में संघ के तीन दिवसीय शिविर की शुरुआत हुई। जिसमें मालवा प्रांत के स्वयंसेवक शामिल हुए है। तीन जनवरी को शिविर का समापन इंदौर के दशहरा मैदान में जय घोष कार्यक्रम के रुप में होगा। जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियां दशहरा मैदान पर शुरू हो चुकी है। यहां विशाल डोम बनाए जा रहे है। तीन जनवरी को होने वाले जयघोष कार्यक्रम में एक हजार स्वयंसेवक अलग-अलग रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इसकी तैयारियां भी दशहरा मैदान में चार दिन से चल रही है। दशहरा मैदान में होने वाले कार्यक्रम में इन्दौर महानगर के स्वयंसेवकों के परिवार भी शामिल रहेंगे। शहर के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में आमंत्रित किए गया है। जिनमें शिक्षाविद, उद्योगपति, चिकित्सक, प्रोफेशनल्स, खिलाड़ी, कलाकार, व्यवसायी आदि सम्मिलित है। करीब 15 हजार लोग आमंत्रित किए जाएंगे। इंदौर में आठ माह पहले संघ की बड़ी बैठक हुई थी। इसमें इंदौर के आयोजन की रुपरेखा तय की गई थी। संघ ने बैठक में यह भी तय किया कि वर्षभर होने वाले आयोजन सादगी से मनाए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से संघ को मजबूत किया जाएगा।

## जनसुनवाई में आ रही समस्याओं के समय-सीमा में निराकरण की विशेष व्यवस्था



### आवेदकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए नहीं होना पड़े परेशान- कलेक्टर आशीष सिंह ने दिए अधिकारियों को निर्देश

इंदौर। प्रति मंगलवार की तहत इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। कलेक्टर आशीष सिंह ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका सहानुभूतिपूर्वक निराकरण किया। साथ ही अन्य अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष और अपने-अपने कक्षों में भी नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि आवेदकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह तय किया गया है कि आवेदकों की समस्याओं के समय-सीमा में निराकरण को सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था के तहत उनके प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किए जा रहे हैं। समय-सीमा में निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे हर हाल में समय-सीमा में समस्याओं का निराकरण करें। अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदकों को भटकना नहीं पड़े। एक बार में ही समस्या निराकृत हो जाए। दर्ज समस्या के निराकरण के लिए उन्हें दोबारा नहीं आना पड़े। आवेदकों से जरूरत पड़ने पर संपर्क कर तत्काल समस्या का निराकरण करें। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह ने पुष्पा बाई को 15 हजार रुपये की मदद तत्काल स्वीकृत की। उसने बताया कि मेरे दो लड़के हैं और वे दोनों ही दिव्यांग है। बड़ा बेटा बीमार रहता है। इलाज के लिए पैसे की जरूरत है। इसको देखते हुए कलेक्टर ने उक्त सहायता स्वीकृत की। इसी तरह परदेशीपुरा की लक्ष्मी बाई को भी इलाज के लिए 10 हजार रुपये की मदद दी गई। विष्णु बाई ने बताया कि मैं ग्राम खजूरिया में रहती हूँ। मेरे पति दिव्यांग है। परिवार का भरण-पोषण मेरे उपर ही निर्भर है। मुझे सिलाई का कार्य आता है। अगर सिलाई मशीन मिल जाएगी, तो मेरा रोजगार बढ़ जाएगा। अच्छी आय होगी। कलेक्टर ने तुरंत सिलाई मशीन स्वीकृत की। इसी तरह मोहन सिंह को पत्नी के इलाज के लिए 10 हजार रुपये की मदद स्वीकृत की गई। बर्नाड एंथोनी को भी 10 हजार रुपये तत्कालीक मदद दी गई। इसी प्रकार ग्राम केलोद की सुन्दर बाई पति धर्मेन्द्र को 15 हजार रुपये की मदद दी गई। जनसुनवाई में आज भी बड़ी संख्या में संपत्ति, पारिवारिक, धोखाधड़ी सहित अन्य समस्याएं भी आयी जिनका यथासंभव निराकरण किया गया।

इंदौर में 72 बेसमेंट को किया गया पार्किंग में परिवर्तित

# यातायात सुधार की मुहिम को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

**शहर में यातायात सुधार की मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाए जाएगा। मुहिम के तहत जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस, इंदौर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से सड़कों एवं चौराहों के तकनीकी सुधार, सौंदर्यीकरण, सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें बाधा मुक्त करने, बेसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित करने सहित अन्य गतिविधियां चल रही है। अभियान को गति देने के लिए आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।**

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रैफिक श्री अरविंद तिवारी, अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा तथा श्री रोशन राय, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और यातायात विशेषज्ञ मौजूद थे। बैठक में शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए ऐसे भवन जिनके बेसमेंट के पार्किंग को पार्किंग की जगह अन्यंत्र उपयोग किया जा रहा है के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के लिये चलाये जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये है। अभी तक सभी वार्डों में 134 भवनों के पार्किंग का अन्यंत्र उपयोग करने पर उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई। इसमें से 7 बेसमेंट को सीएमडी वेस्ट भरकर बंद किया गया। साथ ही 72 भवन के बेसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित किया गया है। इससे लगभग दो हजार से अधिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के पार्किंग की सुविधा मिली है। इससे पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात को सुगम बनाने में मदद मिली है। इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि शेष बचे भवनों के बेसमेंट को भी शीघ्र पार्किंग में परिवर्तित कराये। बेसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन निश्चित स्थान पर ही पार्क हो, सड़कों पर वाहन पार्क कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए की सड़क सुरक्षा समिति के बगैर अनुमोदन के कोई भी स्पीड ब्रेकर नहीं बने। स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए सड़क सुरक्षा समिति से अनुमोदन प्राप्त किया जाए। यह देखा जा रहा है कि बगैर तकनीकी मार्गदर्शन के स्पीड ब्रेकर बन रहे हैं जिससे दुर्घटना की हमेशा आशंका रहती है। बैठक में गुजरात राजस्थान और दिल्ली की ओर जाने वाली बसें कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी से संचालित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण तथा अन्य बाधाएं हटाने के लिए की जा रही कार्रवाईयों की जोनवार समीक्षा की। उन्होंने इस संबंध में चलाए जा रहे हैं अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए मार्ग भी चिन्हित कर उक्त कार्रवाई तेज की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी जोनल अधिकारियों से चर्चा कर की जा रही कार्रवाईयों की जानकारी ली। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि वे इस तरह की कार्रवाई सतत रूप से करते रहें। समझाइश और कार्यवाही के बाद पुनः सामग्री रख सड़क या फुटपाथ पर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। श्री सिंह ने कहा कि इंदौर में इस तरह के कार्य करने की और भी जरूरत है।



## » 9 बोरो में रखा 500 कि.ग्रा. सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर इंदौर नगर निगम की टीम मैदान में सक्रिय हो गई है। कहीं से शिकायत मिल रही है तो तत्काल दाबिश मारकर दंडित कर रही है। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार शहर में अमानक प्रतिबंधित केरीबेग व पोलिथिन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने व स्पॉट फाईन के निर्देश पर आज झोन 18 वार्ड 51 पालदा रोड क्षेत्र में 9 बोरो में रखा 500 कि.ग्रा. अमानक सिंगल युज प्लास्टिक जब्त कर राशि रुपए 50 हजार का स्पॉट फाईन किया गया। झोन क्रमांक 18 सीएसआई विनय मिश्रा ने बताया कि कमिश्नर शिवम वर्मा व अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल व सीएसआई मिश्रा द्वारा झोन 18 वार्ड 51 के तहत पालदा क्षेत्र मे स्थित इण्डस्टीयल क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया कि पालदा क्षेत्र में स्थित चाकलेट वर्ल्ड लव किडस 365 कम्पाउंड पालदा रोड, द्वारा 9 बोरो में रखा 500 कि.ग्रा. प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग स्ट्रॉं, लॉलीपॉप व केंडी पैकेजिंग में करने पर 500 कि.ग्रा. सिंगल यूज प्लास्टि जब्त करते हुए, संबंधित के विरूद्ध राशि रुपए 50 हजार का स्पॉट फाइन किया गया।

# पेंशन योजना में केवायसी के पश्चात भी प्रकरण का निराकरण नही करने पर संबंधित के वेतन से करे पेंशन भुगतान

## सफाई मित्र कर्मचारियो के रेकार्ड हो व्यवस्थित संधारित

**जनसुनवाई में 34 आवेदन हुए प्राप्त**

इंदौर। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा निगम मुख्यालय में आज जनसुनवाई की गई। उक्त क्रम में निगमायुक्त द्वारा स्वंय अपने कक्ष में निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख के साथ जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनो को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये। आयुक्त वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान गंगादेवी नगर निवासी श्रीमती मधुबाला जैन पति खुशहालचंद जैन ने आवेदन किया कि उन्हे जनवरी 2024 से अक्टुबर 2024 तक सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नही मिला है, जबकि श्रीमती मधुबाला द्वारा पेंशन संबंधित केवायसी भी किया गया, इसके पश्चात भी पेंशन नही मिलने पर आयुक्त श्री वर्मा ने संबंधित विभाग प्रमुख को निर्देशित किया कि श्रीमती मधुबाला जैन का केवायसी के पश्चात भी समााजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन जारी नही कि जाती है तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के वेतन से आवेदक को पेंशन का भुगतान किया जावेगा।

जनसुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त सफाई मित्र ने आवेदन किया कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी स्वास्थ्य स्थापना विभाग में सफाई मित्र कर्मचारी के रेकार्ड उपलब्ध नही होने के कारण उनके अवकाश नगदीकरण नही हो पा रहा है, इस पर आयुक्त ने स्वास्थ्य स्थापना प्रमुख को निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त सफाई मित्र कर्मचारी के रिकार्ड ट्रेस करे और समय सीमा में आवेदक को अवकाश नगदीकरण का लाभ मिले यह सुनिश्चित करे, अन्यथा स्वास्थ्य स्थापना में भी जो जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी होगा उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी।

जनसुनवाई के दौरान वृद्ध माता ने आवेदन किया कि उनके बेटे जितेन्द्र का विगत दिनो एमवाय अस्पताल में अकास्मिक मुत्यु हो गई है, जिसका मुत्यु प्रमाण पत्र आज दिनांक तक प्राप्त नही हुआ है, इस पर आयुक्त वर्मा द्वारा आवेदक को मृत्यु प्रमाण पत्र एमवाय अस्पताल से ही प्राप्त होने की जानकारी देते हुए, संबंधित विभाग प्रमुख एमवाय अस्पताल प्रबंधक से चर्चा कर मुत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिये गये। इसके पश्चात जनसुनवाई मे आवेदक अशोक जैन महालक्ष्मी नगर रहवासी विकास सह. संस्था मर्यादित ने आवेदन किया कि शिवालय कालोनी बिजलपुर में निवासरत रहवासियों ने कालोनाइजर कमल कुमार बुलचंद मखीजा, मुहम्मद खम्बाती, सैफुदीन खम्बाती शिव रियल मार्ट प्राइवेट लिमिटैड से कालोनी में प्लॉट क्रय किये थे तथा कालोनाजर द्वारा कालोनी विकसित होने तक कालोनी का संधारण कार्य किया जावेगा और इसकी राशि भी कालोनाइजर द्वारा रहवासियों से ली गई, किंतु इसके पश्चात भी कालोनाइजर द्वारा डेनेज लाइरन, कालोनी की बाउंण्डीवॉल, नमंदा लाइन, इलेक्ट्रिक लाईट, रोड, मंदिर, पेव्हर ब्लॉक, गार्डन सिक्योरिटी गार्डन आदि कार्य अपूर्ण किये गये, उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, आयुक्त वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभाग प्रमुख को उक्त शिकायत का निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में जनसुनवाई की गई, जन सुनवाई के दौरान नागरिको द्वारा 34 आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये गये, आयुक्त द्वारा नागरिको को समक्ष में सुना गया तथा प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# अमृत-2



जलकार्य प्रभारी श्री अभिषेक शर्मा बबलु ने बताया कि महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से शहर में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, अमृत 2 के साथ ही बडे पैमाने पर सीवर नेटवर्क निर्माण का कार्य प्रगतिरथ है, जिसके पूर्ण होने पर शहर का सीवर नेटवर्क मजबूत तो होगा ही साथ ही इंदौर को एसटीपी प्लांट के माध्यम से मिलेगा ट्रीटेड वॉटर भी, जिसके तहत वर्तमान में निम्न प्रोजेक्ट प्रगतिरथ है, जो वर्ष 2025 में सीवरेज प्रबंधन के प्रारम्भ व पूर्ण होने वाले कार्य, जिनमें वर्ष 2025 में सीवरेज प्रबंधन के प्रारम्भ व पूर्ण होने वाले कार्य

1. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अन्तर्गत गंगा नदी की सहायक कान्ह नदी के जीर्णोद्धार हेतु सीवरेज सिस्टम को अत्याधिक उन्नत करने के लिए एस.बी.आर. टेक्नालॉजी आधारित अतिरिक्त सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट्स के निर्माण एवं 15 वर्ष का संचालन-संधारण हेतु कार्य योजना राषि रू. 511.15 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजनान्तर्गत (1) महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा के समीप 35 एम.एल.डी. क्षमता का एस.टी.पी. निर्माण एवं समृद्ध कार्य किये जाना है, जिससे पष्चिम क्षेत्र की स्कीम नं-71, राज मोहल्ला, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट रोड़ की कॉलोनियां, सुनिधि नगर, हम्माल नगर इत्यादि कालोनियों के रहवासियों को सीवर लाईनों में बैक फ्लो होने एवं निचले क्षेत्रों में चैम्बर ओव्हर फ्लो होने की समस्या के छुटकारा मिलेगा। (2) कनाड़िया क्षेत्र के बेगमखेड़ी में 40 एम.एल.डी. क्षमता का एस.टी.पी. निर्माण एवं समृद्ध कार्य किये जाना है, जिससे मानवता नगर, कनाड़िया, बिचौली हप्सी, बिचौली मर्दाना, देवगुराड़िया इत्यादि क्षेत्रों में हो रही जनसंख्या वृद्धि के आधार पर एस.टी.पी. निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इन क्षेत्रों का सीवर वर्तमान में नाले में बहकर क्षिप्रा नदी में मिलता है, इसके सम्पूर्ण सीवर को ट्रेप कर एस.टी.पी. तक पहुँचाकर ट्रीट किया जाना प्रावधानित है। (3) कबीटखेड़ी स्थित 12 एवं 78 एम.एल.डी. एस.टी.पी. पुरानी तकनीक के आधार पर निर्मित एवं संचालित है, जिसके ट्रीटेड वॉटर के तत्समय निर्धारित पैरामीटर अनुसार उपचारित किया जा रहा है, परन्तु वर्तमान में माननीय एन.जी.टी. के निर्देषों के अनुसार पी.सी.बी. द्वारा वर्तमान में ट्रीटेड वॉटर के पैरामीटर अपग्रेड कर दिये गये है, तदनुसार नवीनतम तकनीकी का 120 एम.एल.डी. क्षमता का सेन्ट्रलाईज एस.टी.पी. निर्माण प्रस्तावित किया गया है।

2. अमृत-2 योजनांतर्गत वर्ष 2014 में सम्मिलित हुए बिचौली मर्दाना, बिचौली हप्सी, कनाड़िया, भूरी टेकरी, श्रीजी हाईट्स, श्रीजी वेली, श्याम हाईट्स, सिटी फॉरेस्ट, टिगरियाराव, मायाखेड़ी, ओमेक्स सिटी-1 एवं आस-पास के क्षेत्र में सीवर लाईन बिछाने एवं सुदामा नगर सेक्टर-डी, ई, छावनी, सुखनिवास कांकड़, सुखनिवास, कुंदन नगर, विदुर नगर टेकरी, आकाष नगर, अहीरखेड़ी कांकड़, प्रजापत नगर, सांई बाबा नगर, गोंदवले धाम, श्रद्धापुरी कालोनी, द्वारकापुरी, आषीष नगर, आकाष नगर, कुंदन नगर, श्रीराम नगर, अहीरखेड़ी, सुखनिवास, विदुर नगर, दिग्विजय नगर, आर.आर. केट, परिवहन नगर, श्रद्धा-सबुरी कालोनी, ऋषि नगर, फुटीकोठी क्षेत्र में उचित डॉया की लाईनें एवं सीवर नेटवर्क नहीं होने से इन कॉलोनियों में अमृत-2 योजनांतर्गत लाईनें बिछाना एवं हाउस सर्विस कनेक्षन के कार्य किये जाने है।एवं आस-पास के क्षेत्रों की वर्षों पुरानी क्षतिग्रस्त लाईनों के स्थान पर नई सीवर लाईन बिछाना, धनखेड़ी में 80 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण व सीवर कलेक्षन की लाईन बिछाने का कार्य किया जाना है, जिससे निपानिया, तलावली चांदा, लसूड़िया



मोरी, पंचवटी, मांगलिया, रेवती, भौरांसला, बर्दरी, कुमेड़ी, भानगढ़, भांगिया व आस-पास के क्षेत्रों का सीवर ट्रीट किया जायेगा। टिगरिया बादषाह में 40 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण व सीवर कलेक्षन की लाईन बिछाने का कार्य किया जाना है, जिससे टिगरिया बादषाह, बड़ा बांगड़दा, छोटा बांगड़दा, गांधी नगर, हाईलिंक सिटी, स्कीम नं. 166, नंद बाग, राखी नगर, न्यू राम नगर, बजरंगपुरा, लाईफ स्टाईल कालोनी, नरिमन पाईंट व आस-पास के क्षेत्रों का सीवर ट्रीट किया जायेगा। उक्त योजना हेतु राज्य शासन द्वारा राषि रू. 568.00 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है।

3. अमृत-2.0 परियोजना के अंतर्गत सिरपुर, बिलावली एवं लिम्बोदी तालाब के विकास एवं जीर्णोद्धार संबंधित कार्यो हेतु राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा राषि रू. 25.50 करोड़ की स्वीकृत प्रदान की गई है। उक्त तालाबों में बंड के किनारे स्टोन पिचिंग का कार्य, टो वॉल निर्माण, रेलिंग लगाने का कार्य, इको फ्रेंडली पाथवे का निर्माण, वृक्षारोपण, चेनलिंक जाली की स्थापना, ड्रिप इरीगेषन सिस्टम, लाईट लगाने, लेण्डस्केपिंग, एरियेटर लगाना एवं पानी की गुणवत्ता जॉच हेतु ऑनलाईन मॉनीटरिंग सिस्टम का कार्य तथा अन्य सिविल कार्य सम्मिलित है।

4. वर्ष 2014 में निगम की शहरी सीमा में सम्मिलित हुये 29 गॉवों एवं इन्दौर शहरी सीमा से लगे हुये गॉवों के सीवरेज कलेक्षन एवं उपचारण हेतु इन्दौर शहर की जनसंख्या वृद्धि के ट्रेंड के आधार पर वर्ष 2040 तक की जनसंख्या का आंकलन कर सीवरेज जनरेषन के निपटान हेतु सीवर लाईनें बिछाने एवं एसटीपी निर्माण की निगम द्वारा कार्ययोजना तैयार की है। (1) पिपलियापाला तालाब के समीप 30 एम.एल.डी. (2) पलासिया स्थित इंडस्ट्री हाउस के पीछे 35 एम.एल.डी. (3) मायाखेड़ी क्षेत्र में 20 एम.एल.डी. (4) बड़ा बांगड़दा में 35 एम.एल.डी. (5) कबूतरखाना में 35 एम.एल.डी. (6) मुण्डी तालाब के समीप 20 एम.एल.डी. (7) जाख्या में 20 एम.एल. डी. एस.टी.पी. का निर्माण व 15 वर्ष संचालन-संधारण कार्य किया जाना है एवं (1) पालदा क्षेत्र में 10 एम.एल.डी. (2) कुमेड़ी क्षेत्र में 10 एम.एल.डी. सी.ई.टी.पी. का निर्माण व 15 वर्ष संचालन-संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है तथा इंटरसेप्षन डायवर्जन इत्यादि सम्बन्धित कार्यों तथा 15 वर्ष संचालन व संधारण कार्य हेतु राषि रू. 717 करोड़ की कार्ययोजना राज्य शासन के माध्यम् से नमामि गंगे विभाग को प्रेषित की गयी है। उक्त कार्यो के क्रियांवयन से वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ का आयोजन होना है, इस हेतु क्षिप्रा नदी में शुद्ध जल का प्रवाहित किये जाने हेतु सात विकेन्द्रीकृत एस.टी.पी.

5. राज मोहल्ला चौराहा से चाणक्यपुरी चौराहा तक 5 किमी. सीवर लाईन बिछाना है, जिसमें से 5.5 किमी. सीवर लाईन बिछा दी गई है तथा 1.5 किमी. लाईन बिछाना शेष है। अन्नपूर्णा, प्रिकांको कालोनी, मिश्र नगर, विष्वकर्मा नगर इत्यादि कालोनियों की सेकण्डरी लाईनों को इस मेन लाईन में जोड़ने से लगभग 1 लाख घरों को लाईनों की चोकिंग/ओवरफ्लो से छुटकारा मिलेगा।

6. सिरपुर तालाब के समीप निर्माणाधीन 20 एम.एल.डी. एस.टी.पी. निर्माण एवं 7.80 किमी. प्रायमरी सीवर लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे सुखनिवास, प्रजापत नगर, आकाष नगर एवं अन्य क्षेत्रों को लाभ होगा एवं छोटे तालाब में उपचारित जल से भराव किया जायेगा। उक्त कार्य की लागत राषि रू. 43.00 करोड़ है।

7. पिपलियाहाना तालाब में मिलने वाले सीवर को रोकने हेतु वर्ष 2014 में निगम सीमा में जुड़े 29 गांव पिपलियाराव के आस-पास की बस्ती/कालोनियों जैसे जीत नगर, यंत्र नगर, संजय गॉधी नगर, सन्त नगर आदि क्षेत्रों में सीवर नेटवर्क एवं मुख्य लाईन बिछाने का कार्य जिसकी लंबाई 6.8 किमी. है, कार्य पर राषि 10 करोड़ व्यय होना है। वर्तमान समय तक 2.5 किमी. लाईन बिछा दी गई है।

8. वर्ष 2023-24 में भू-जल संरक्षण हेतु अभूतपूर्व कार्य सम्पादित किया गया है, जिसके अन्तर्गत 100 से अधिक रिचार्ज शाफ्ट व 10 हजार से अधिक घरों में वॉटर रिचार्जिंग यूनिट की स्थापना की गई है, नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा शहर के विभिन्न 27 तालाबों की 15 किमी. कैचमेन्ट चैनल का गहरीकरण व चौड़ीकरण किये जाने के फलस्वरूप शहर के सभी तालाबों का जलस्तर बना हुआ है। भू-जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष में निगम द्वारा 131 कुएँ, 20 से अधिक बावड़ी व 15 से अधिक तालाबों के गहरीकरण व साफ-सफाई का कार्य किया गया है।

9. जन निजी भागीदारिता (पी.पी.पी.) मॉडल पर बिलावली तालाब में पैडल बोट, सेलिंग, कायाकिंग, वाटर क्राफ्ट व्हीकल, (जेटस्की/पीडब्ल्यूसी), म्यूजिकल शो व फाउंटेन, बोट हाउस, लेक साईड रेस्टोरेंट एवं जल क्रिड़ा एक्टिविटी प्रारम्भ की जायेगी।